## एक नजर में

### रंगदारी-मारपीट के मामले में फरार 4 बदमाश गिरफ्तार

**मुरैना, 2 जुलाई।** माताबसैया पुलिस ने शराब के लिए रुपये न दिए जाने पर शिवप्रताप सिंह तोमर नि. पोरसा की डंडे से मारपीट किए जाने के मामले में फरार 4 आरोपियों को दबोच लिया है। पुलिस ने बताया कि शिवप्रताप सिंह तोमर 29 जून की शाम ग्राम जींगनी मस्जिद के पास से अपनी बहन को साथ लेकर जा रहा था। आरोपी शफीक पुत्र सलीम, सुल्तान पुत्र सलीम, फरीद पुत्र सलीम निवासीगण जींगनी ने उन्हें रोक लिया और रंगदारी करते हुए शराब के लिए पैसे मांगने लगे। इस दौरान आरोपियों ने शिवप्रताप की लाठी, डंडों से मारपीट कर डाली थी। गिरफ्तारी में एसआई विवेक सिंह तोमर और पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही है।



### कैमरा-ग्यापुरा में 9 .90 लाख का 450 ट्रॉली रेत नष्ट कराया

**मुरैन।** अवैध खनन एवं भंडारण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को पुलिस, एसएएफ और वन विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सरायछौला क्षेत्र के कैमरा एवं ग्यापुरा में अवैध रूप से भंडारित किए गए 450 ट्रॉली रेत को जेसीबी मशीन, लोडर से नष्ट कराने की कार्यवाही की। नष्ट किए गए रेत का बाजारू मूल्य 9 लाख 90 हजार रूपये आंका गया है। कार्यवाही में एसआई केके सिंह सहित सरायछौला थाने के 12 जवान, वनविभाग के 11 और एसएएफ के पांच अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए।



### सतेन्द्र उपाध्याय बने ब्राह्मण महासभा कैलारस के अध्यक्ष

**मुरैना/कैलारस।** ब्राह्मण महासभा कैलारस की वृहद बैठक स्वर्ण जीवन मैरिज गार्डन में आयोजित हुई, जिसमें करीब 600 ब्राह्मण बंधुओं की उपस्थिति में पं. सतेन्द्र उपाध्याय बाल्हेरा को सर्वसम्मति से महासभा का अध्यक्ष चुना गया। वर्तमान अध्यक्ष पं. योगेश शुक्ला आगामी चार माह तक पद पर बने रहेंगे, जिसके बाद नए अध्यक्ष कार्यभार ग्रहण करेंगे। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों ने संगठन की एकता, भाईचारा और गरिमा बनाए रखने का आह्वान करते हुए सोशल मीडिया पर चल रही अटकलों और भ्रम की स्थिति पर विराम लगने की बात कही। समाज बंधुओं ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष पं. सतेन्द्र उपाध्याय का स्वागत कर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन एवं सैकड़ों ब्राह्मण समाजबंधु उपस्थित रहे।



### कैलारस से 25 श्रद्धालु अमरनाथ यात्रा पर रवाना

**मुरैना/कैलारस।** कैलारस से 25 शिवभक्तों का जत्था 12 दिवसीय पवित्र बाबा अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धा और उत्साह के साथ रवाना हुआ। यात्रा से पहले श्रद्धालुओं का पुष्पहार एवं अंगवस्त्र पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान पूरा वातावरण हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं को परिजनों, समाजजनों एवं नगरवासियों ने शुभकामनाएं देते हुए सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। यात्रियों ने बाबा बर्फानी के दर्शन कर देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की प्रार्थना करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को भावभीनी विदाई दी गई।



### मुरैना में यूआईडीएआई का आधार सेवा केन्द्र शुरू

**मुरैना।** जिलेवासियों को आधार संबंधी सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने गुरुवार को जौरा रोड स्थित यूआईडीएआई के नए आधार सेवा केंद्र का शुभारंभ किया। अब नागरिकों को आधार नामांकन, नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, बायोमेट्रिक सहित अन्य अपडेट के लिए भोपाल या इंदौर नहीं जाना पड़ेगा। यूआईडीएआई के स्टेट ऑफिस भोपाल के निदेशक सुमित मिश्रा ने बताया कि यह केंद्र सप्ताह के सातों दिन संचालित रहेगा। यहां ऑनलाइन अपॉइंटमेंट की सुविधा भी उपलब्ध होगी, जिससे नागरिक निर्धारित समय पर बिना लंबी प्रतीक्षा के आधार संबंधी सेवाओं का लाभ ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में 12 आधार सेवा केंद्र संचालित हैं और अगले तीन माह में 24 अन्य जिलों में भी नए केंद्र शुरू किए जाएंगे।





### शिक्षक का अनुभव समाज की अमूल्य धरोहर : डॉ. सिकरवार

**मुरैना।** अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए शिक्षक भोलेराम शर्मा के सम्मान में सेवा अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान शिक्षकों, विभागीय अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं गणमान्य नागरिकों ने शॉल, श्रीफल और स्मृति चिह्न भेंट कर उनके उत्कृष्ट सेवाकाल पर सम्मान किया। समारोह में मप्र शिक्षक संघ के पूर्व संभागीय अध्यक्ष डॉ. नरेश सिंह सिकरवार ने कहा कि सेवानिवृत्ति केवल शासकीय सेवा का समापन है, शिक्षक के अनुभव, ज्ञान और जीवन मूल्यों की समाज को हमेशा आवश्यकता रहती है। उन्होंने कहा कि भोलेराम शर्मा का अनुशासित, समर्पित और प्रेरणादायी सेवाकाल युवा शिक्षकों के लिए आदर्श है। समारोह में वक्ताओं ने श्री शर्मा के सरल व्यक्तित्व और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, ग्रामीणजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बीच सड़क पर नाबालिग छात्र की बेरहमी से पिटाई



**कोचिंग से लौटते समय हमला, वीडियो वायरल; दो आरोपी गिरफ्तार, पांच की तलाश**

नवभारत न्यूज
**मुरैना, 2 जुलाई।** सुमावली थाना क्षेत्र में कोचिंग से घर लौट रहे एक नाबालिग छात्र के साथ बीच सड़क पर अमानवीय मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि मेला ग्राउंड के पास छात्रा के परिजनों ने छात्र को रोककर उसके पैर बांध दिए और डंडों से बेरहमी से पीटा। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी।

मारपीट में गंभीर रूप से घायल छात्र को पहले जौरा अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने वीडियो के आधार पर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि पांच अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार, चोखोटी गांव निवासी छात्र कोचिंग से लौट रहा था, तभी रास्ते में उसे रोककर मारपीट की गई। वायरल वीडियो में छात्र को सड़क पर लिटाकर पीटते हुए देखा जा सकता है। थाना प्रभारी रविप्रताप सिंह गुर्जर ने बताया कि मामले की जांच जारी है और फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है।

## घर के सामने झूल रहे बिजली के तार हटा रहा युवक करंट से झुलसा

नवभारत न्यूज
**मुरैना, 2 जुलाई।** शहर के बड़ोखर क्षेत्र स्थित काशीपुरा रोड पर गुरुवार सुबह घर के सामने लटक रहे अवैध बिजली के तार हटाने के दौरान एक युवक करंट की चपेट में आ गया। हादसे में 36 वर्षीय आशीष शर्मा के दोनों हाथ झुलस गए। परिजन उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद भर्ती कर लिया गया। परिजनों का आरोप है कि घर के सामने नीचे लटक रहे तारों की शिकायत पहले ही बिजली विभाग से की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। गुरुवार सुबह तार हटाने के दौरान अचानक शॉर्ट सर्किट होने से आशीष करंट की चपेट में आकर झुलस गया। आशीष को उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल किया गया है।



**बड़ोखर इलाके में काशीपुर रोड पर हुआ हादसा**

## खेत की मेड़ पर लगी फेंसिंग से वृद्ध को करंट लगा, मौत

**मुरैना, 2 जुलाई।** पोरसा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तेज सिंह की गढ़ी निवासी बुजुर्ग होतम सिंह सखवार (60) गुरूवार की सुबह बटाई पर लिए खेत में बाजरा की बुआई करने के लिए गए हुए थे। सुबह 11 बजे गांव के ही मुन्नीसिंह तोमर ने होतम सिंह के पुत्र रामदत्त को फोन पर सूचना दी कि उसके पिता को खेत पर लगी फेंसिंग से करंट लग गया है। खेत पर पड़े होतम सिंह को नजदीकी पोरसा अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।



## बहन से दुष्कर्म करने वाले चचेरे भाई को 10 वर्ष सश्रम कैद

**विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट का फैसला, 2 हजार रूपये अर्थदण्ड**

नवभारत न्यूज
**मुरैना, 2 जुलाई।** विशेष पॉक्सो न्यायालय ने नाबालिग बहन से दुष्कर्म के मामले में आरोपी पिंटू उर्फ पदम सिंह को दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 2 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामले में डीएनए रिपोर्ट में आरोपी का संबंध पीड़िता से जन्मी बच्ची के जैविक पिता के रूप में प्रमाणित हुआ, जिसे अदालत ने महत्वपूर्ण वैज्ञानिक साक्ष्य माना।

मीडिया सेल प्रभारी (अभियोजन) श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि नाबालिग पीड़िता की मां ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 07.04.2025 को वह अपनी लड़की को पेट में दर्द होने पर इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचीं थी। यहां पीड़िता ने एक पुत्री को जन्म दिया। पूछताछ करने पर पीड़िता ने बताया कि करीबन 09 माह पूर्व जब वो घर में अकेली थी, तभी पंचू उर्फ कुलदीप घर पहुंचा। उसने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। डर के कारण उसने यह बात किसी को नहीं बताई थी। माताबसैया पुलिस ने पंचू उर्फ कुलदीप के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान अभियोक्त्री एवं उसके माता-पिता के कथनों में पता चला कि कुलदीप उर्फपंचू एवं पिंटू उर्फपदम सिंह के चचेरे भाई ने पीड़िता के साथ खेत के कुआं पर दुष्कर्म किया था। पुलिस ने डीएनए संबंधी कार्यवाही की गई। नवजात बच्ची से डीएनए मिलान की रिपोर्ट पीड़िता के चचेरे भाई पिंटू उर्फपदम सिंह से पॉजीटिव प्राप्त हुई। न्यायालय ने अभियोजन प्रस्तुत किए गए साक्ष्य, मेडिकल और डीएनए रिपोर्ट के आधार पर अभियुक्त पिंटू उर्फ पदम सिंह को 10 वर्ष सश्रम कैद और 2 हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई।

वहीं दूसरे अभियुक्त पंचू उर्फ कुलदीप की डीएनए रिपोर्ट नेगेटिव और गवाहों के बयानों में विरोधाभास को लेकर दोषमुक्त कर दिया गया। इस मामले में अभियोजन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक एवं जिला अभियोजन अधिकारी इंद्रेश कुमार प्रधान ने की।

## इनर व्हील क्लब को मिली नई लीडर, प्रतीक्षा बनी अध्यक्ष




**डॉक्टर्स-डे पर शहर के 10 चिकित्सकों का किया सम्मान**

नवभारत न्यूज
**मुरैना, 2 जुलाई।** इनर व्हील क्लब मुरैना की वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी का गठन विगत दिवस हुआ। जिसमें प्रतीक्षा बांदिल को अध्यक्ष और मीनाक्षी माहेश्वरी को सचिव नियुक्त किया गया है। वहीं भावना मित्तल को कोषाध्यक्ष, डॉ. सुधा माहेश्वरी को आईएसओ, रंजिता शिवहरे को सीसी तथा आस्था मंगल को संपादक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यक्रम में क्लब की संस्थापक अध्यक्ष करुणा जैन विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर क्लब ने शहर के 10 वरिष्ठ चिकित्सकों का सम्मान कर उनके स्वास्थ्य सेवा में योगदान को सराहा। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि चिकित्सकों की नि:स्वार्थ सेवा समाज को स्वस्थ और सुरक्षित बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूजा मोदी, माधुरी मित्तल, मधु गुप्ता, राधिका माहेश्वरी, साक्षी गोयल, शिल्पी जैन, अंजलि जैन, शिल्पा बंसल, निशा शर्मा, पूजा मंगल, भावना मंगल सहित क्लब की अनेक सदस्य उपस्थित रहीं।

**इन 10 चिकित्सकों को किया गया सम्मानित :** डॉ. हेमा सिंघल, डॉ. मीरा प्रेमी, डॉ. सुधा माहेश्वरी, डॉ. ऋतु राठी, डॉ. अनुभा माहेश्वरी, डॉ. सरोज गुप्ता, डॉ. नीरज गुप्ता, डॉ. दीप्ति जैन, डॉ. मेघा गोयल तथा डॉ. दीक्षा गुप्ता।

## स्कूलों के आसपास मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक लगे

नवभारत न्यूज
**मुरैना, 2 जुलाई।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा की उपस्थिति में गुरुवार को एनसीओआरडी केंद्र समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध बिक्री और नशे से जुड़ी गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई तथा जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने अधिकारियों को मादक पदार्थों के थोक एवं फुटकर विक्रेताओं पर नियमित निगरानी रखने और समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। वहीं शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि स्कूलों के आसपास तंबाकू, गुटखा, सिगरेट एवं अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री पर कड़ी नजर रखी जाए। उन्होंने विद्यालयों के प्राचार्यों से ऐसे मामलों की तत्काल सूचना पुलिस-प्रशासन को देने के निर्देश भी दिए। बैठक में युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए स्कूलों, कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया।

## आज शहर में 4 फीडरों पर 7 घंटे बिजली सप्लाई बंद रहेगी

नवभारत न्यूज
**मुरैना, 2 जुलाई।** 33/11 केवी चंबल कॉलोनी उपकेंद्र पर आज 3 जुलाई को 5 एमवीए से 10 एमवीए क्षमता वृद्धि के लिए पावर ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चार 11 केवी फीडरों की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। जिनमें केशव कॉलोनी, न्यू रजिस्ट्रार, मेला ग्राउंड और वनखंडी रोड फीडर शामिल है। इसके चलते टीआर पुरम, आमपुरा, रविदास नगर, कृष्णा कॉलोनी, चंबल कॉलोनी, मेला ग्राउंड, कोर्ट रोड, केशव कॉलोनी, मीरा प्रेमी हॉस्पिटल क्षेत्र, पीकेएस तोमर चौराहा, टीटी नगर, केडी दंडोतिया वाली गली, मुरैना बस स्टैंड, बीटीआई रोड, कमिश्नरी कॉलोनी, वनखंडी रोड सहित संबंधित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए बताया है कि कार्य की आवश्यकता के अनुसार शट डाउन की अवधि में परिवर्तन किया जा सकता है।

## आमजन-व्यवसाईयों को बताए साइबर ठगी से बचाव के उपाय



**सेफ क्लिक 2.0 अभियान, क्यूआर फ्रॉड, ऑनलाईन पेमेंट सुरक्षा पर किया जागरुक**

नवभारत न्यूज
**मुरैना, 2 जुलाई।** जिले में चल रहे सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान के तहत नौवें दिन पुलिस ने विभिन्न थाना एवं अनुभाग क्षेत्रों में आमजन और व्यापारियों को ऑनलाइन ठगी के नए तरीकों तथा उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी।

पुलिस टीम ने पेट्रोल पंपए दुकानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और हाट-बाजारों में पहुंचकर क्यू-आर कोड फ्र ॉड और ऑनलाइन पेमेंट सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया। इस दौरान बताया गया कि ऑनलाइन भुगतान प्राप्त करने के लिए कभी भी ओटीपी की आवश्यकता नहीं होती और भुगतान प्राप्त करते समय यूटीआर नंबर अवश्य जांचें।

इसके अलावा लोगों को अज्ञात लिंक पर क्लिक न करने, अनजान स्त्रोत से एपीके फाइल डाउनलोड नहीं करने तथा किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तुरंत एनसीआरपी पोर्टल या साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई। अभियान के दौरान साइबर सुरक्षा से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए।

## कंधे पर स्टार लगाकर एसपी ने सौंपा एएसआई का प्रभार



**मुरैना, 2 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित समारोह में विभागीय परंपरा के अनुसार आरक्षक ब्रजेन्द्र सेंगर एवं अकील सिद्दीकी को स्टार लगाकर कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) का प्रभार सौंपा। एसपी ने दोनों अधिकारियों को बधाई देते हुए ईमानदारी, अनुशासन और संवेदनशीलता के साथ दायित्व निभाने तथा आमजन को बेहतर पुलिस सेवाएं देने का संदेश दिया। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों अधिकारी कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और जनसुरक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। समारोह में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तोर तिलावली में आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत



**मुरैना, 2 जुलाई।** जौरा क्षेत्र के ग्राम तोर तिलावली में गुरूवार की सुबह एक महिला की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार तिलावली गांव निवासी महिला लीलादेवी गौड़ (50) गुरूवार की सुबह अपने घर के बाहर काम कर रही थी। इसी दौरान आसमान में तेज गर्जना हुई और आकाशीय बिजली उसके ऊपर आ गिरी। बुरी तरह झुलसकर महिला लीलादेवी घायल हो गई। वहां मौजूद लोगों ने उसे तत्काल जौरा अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे नाम कैलाशचन्द गुप्ता एक रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रमांक एमपी25832021-ए-1368897 था तथा एक अन्य रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रमांक एमपी25832021-ए-1368903 मेरे भाई हरिओम गुप्ता के नाम था। उक्त सम्पत्ति को हम दोनों भाईयों ने विक्रेता श्रीनिवास कुशवाह बगैरह पुत्र भजनलाल कुशवाह से दिनांक 29/04/2021 को क्रय किया था। यह कि मैं प्रार्थी व मेरे भाई हरिओम गुप्ता ने उक्त क्रयशुदा भूखण्डों को रामनिवास सिंह सिकरवार पुत्र श्री केसरी सिंह सिकरवार निवासी अशोक गली कैलारस के हित में दिनांक 24/03/2022 को विक्रय कर दिया था। मैं व मेरा भाई हरिओम गुप्ता संयुक्त रूप से एक ही भवन में निवास करते थे, घर की सफाई के दौरान उक्त विक्रय पत्रों की मूल प्रति मुझसे कहीं गुम हो चुके हैं। अत: उक्त मूल दस्तावेज गुम होने संबंधी सूचना प्रेषित है। उक्त दोनों संपत्तियों पर न किसी प्रकार का वाद विवाद नहीं है और न ही ये दोनों संपत्ति किसी प्रकार से बंधक हैं।

प्रार्थी
कैलाशचन्द गुप्ता
पुत्र श्री रामदयाल गुप्ता
निवासी-मुखर्जी मार्ग कैलारस
जिला मुरैना (म.प्र.)

# लॉयन्स क्लब एलीट ने डॉक्टर्स-सीए का किया सम्मान

नवभारत न्यूज
**मुरैना, 2 जुलाई।** लायंस क्लब मुरैना एलीट ने वर्ष 2026-27 के नए सत्र का शुभारंभ होटल रेडियेंट इन में डॉक्टर्स- डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट-डे के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में किया। कार्यक्रम में क्लब से जुड़े चिकित्सकों और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को समाज के प्रति उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए शॉल, श्रीफल एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।




सम्मानित होने वालों में डॉ. अनुभा माहेश्वरी, डॉ. रितु राठी, डॉ. अनुपमा गर्ग, डॉ. संध्या गोयल, डॉ. अनीता तुलसानी, डॉ. शिवानी तोमर, सीए मिनी गर्ग और सीए दिशा चावला शामिल रहे। क्लब अध्यक्ष अंजना शिवहरे ने कहा कि डॉक्टर और चार्टर्ड अकाउंटेंट अपनी निष्ठा, ईमानदारी और सेवाभाव से समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि क्लब का नया सत्र सेवा, समर्पण और सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता के साथ प्रारंभ हुआ है। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन कंचन चावला ने किया।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति :** नीता बांदिल, भारती मोदी, अनुराधा गर्ग, अंशुल गोलश, ज्योति मोदी, मयूरी गुप्ता, ममता बंसल, रश्मि सिंह, रानी अग्रवाल, अनीता गर्ग, एकता गोयल, पूजा सिंघल, मयूरी बांदिल, सुरभि मित्तल, सरिता गर्ग, अंजना गर्ग, आनेही राठी, सिंपल गोयल, राधा राजौरिया, शिखा गोयल आदि कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### रोटरी चम्बल ने डॉक्टर्स-सीए का सम्मान, करतार बने अध्यक्ष




रोटरी क्लब चम्बल ने 2026-27 के नए सत्र का शुभारंभ डॉक्टर्स डे एवं सीए डे के अवसर पर शहर के छह चिकित्सकों और तीन चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के सम्मान के साथ किया। इस अवसर पर करतार राजपूत ने अध्यक्ष और ''मयंक श्रीवास्तव ने सचिव का कार्यभार संभाला। समारोह में सीए नितिन गुप्ता, दिशा राजवानी और गोविंद चांदिल सहित डॉ. अमित गोयल, डॉ. योगेन्द्र यादव, डॉ. बनवारी गोयल, डॉ. अतुल यादव, डॉ. आरके गुप्ता, डॉ. निशांत गर्ग का शॉल एवं सम्मान पत्र भेंट कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी आनंद गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन आकाश चांदिल सहित क्लब के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।